महत्वपूर्ण एवं खास

नागपुर से बिलासपुर आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस मवेशी से टकराई, इंजन को हुआ नुकसान

बिलासपुर (आरएनएस)। देश की सबसे तेज ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस मवेशी से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई है। यह घटना सोमवार को नागपुर से बिलासपुर जाते समय मूड़ीपार-परमालकसा स्टेशन के बीच हुई। इस हादसे में वंदे भारत के इंजन के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। बता दें कि बिलासपुर से नागपुर के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन नागपुर में 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। यह ट्रेन बिलासपुर से नागपुर के मध्य 130 की स्पीड में दौड़ाई जा रही है। नागपुर-बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में पिछले दिनों पत्थरबाजी भी हुई थी। इससे वंदे भारत एक्सप्रेस के ई-1 कोच सीट 1-2 के पास लगे विंडो का शीशा टूट गया था। वहीं सोमवार को मवेशी से टकराने के बाद वंदे भारत के इंजन के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

पत्नी देख रही थी टीवी, पति ने बाथरूम में जाकर लगा ली फांसी

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दिलदहला देने वाला हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपने घर के बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र के उरला का है। पुलिस ने बताया कि उरला निवासी विनोद शर्मा (35) ने अपने घर के बाथरूम में फांसी लगा ली। वो रात में अपनी पत्नी नेहा शर्मा के साथ बैठकर टीवी देख रहा था। इसी दौरान विनोद शर्मा बाथरूम में गया और फांसी लगा ली। बाथरूम से गिरने की आवाज आने पर उसकी पत्नी फौरन वहां गई और जाकर देखा तो विनोद ने फांसी लगा ली थी। उसे फौरन नीचे उतारा गया। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभी तक घटना का कारण अज्ञात है। मोहन नगर पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है।

आठ इनामी नक्सलियों समेत 10 ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में आठ इनामी नक्सलियों समेत 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में सुरक्षा बलों के अधिकारियों के सामने आठ इनामी नक्सलियों बण्डी उर्फ कोल्ला मडक़ाम (30), सोना मडक़ाम (53), हेमंत कवासी (26), दुड़वा कोर्राम (30), मासा मण्डावी (20), लखमा मण्डावी (31), नंदा माड़वी (33), देवा उर्फ दीपक (31) समेत 10 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। न्होंने बताया कि नक्सलियों के सर पर आठ से 10 हजार रुपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने जिले में चल रहे लोन वर्राटू अभियान (घर वापस आइए) से प्रभावित होकर हिंसा का मार्ग छोडक़र समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

नेपाल से अपने पति को रिहा कराने कलेक्टर से लगाई गुहार

मुंगेली (आरएनएस)। उषा मल्लाह पति विष्णु मल्लाह शंकर वार्ड मल्लाह पारा मुंगेली के निवासी ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उनके पति विष्णु मल्लाह जून 2022 को कार से अविनाश भोई ने ड्राइवर बनाकर नेपाल ले गए थे। जिसमें चार लोग दीपक मल्लाह, विष्णु मल्लाह, अविनाश भोई व विकास तिवारी सवार थे। गाड़ी नंबर सी जी 04 एच यू 7773 है। नेपाल के नवलपरासी जिले के रास्ते में दुर्घटना हो गई और नेपाल निवासी अहमद अली घायल हो गया। उनके पति सहित चारों को नेपाल के नवलपरासी जिले में कैद कर लिया गया। इसमें से तीनों को रिहा किया गया लेकिन उसका पति सात महीने से जेल में बंद पड़े हैं। उषा मल्लाह का कहना है कि घायल व्यक्ति के इलाज के लिए गिरवी व कर्ज लेकर 12-13 लाख रुपए दिए हैं। उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि वे अत्यंत गरीब व गर्भवती हैं जिसको देखते हुए नेपाल से शीघ्र ही पति विष्णु मल्लाह को रिहा किया जाए।

सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का आयोजन

- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में की चर्चा
- एसपी कुकरेजा ने कार्यक्रम को सफल बनाने दिए आवश्यक सुझाव
- कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने ली समय-सीमा की बैठक

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को खेलभांठा मैदान में आयोजित होने वाले समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, टेंट, बांस-बल्ली एवं बैरिकेटिंग, आमंत्रण पत्र, एंबुलेंस व्यवस्था, ध्वजारोहण सहित अन्य आवश्यक कार्यों के संबंध में दायित्व सौंपा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सभी शासकीय भवनों में रोशनी की व्यवस्था करने एवं ध्वजारोहण के लिए खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित झण्डा फहराने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी राजेश कुकरेजा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने विभागवार कार्यों की समीक्षा करते हुए जनशिकायत/पीजीएन/सीपीग्राम के पोर्टल में लंबित आवेदनों को प्राथमिकता में लेकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में जन शिकायत निवारण विभाग द्वारा दिए गये दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया एवं जिन विभागों के अधिकारियों द्वारा लंबित आवेदनों की संख्या अधिक है उन्हें यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र की प्रगति रिपोर्ट मांगी। साथ ही जो पात्र हैं उनकी एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों ने एंट्री की संख्या कम होने को लेकर आईडी की कमी से अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने आईडी और आपरेटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि शीघ्रता से पोर्टल में आवेदनों की एंट्री सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सभी उपस्थित सीईओ को महिला स्व-सहायता समूह की सूची बनाने के निर्देश दिए ताकि जिले के चिन्हित पर्यटन स्थलों में उन्हें जोड़कर कैफेटेरिया का संचालन कराया जा सके। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, नरेगा, आंगनबाड़ी, गोधन न्याय योजना, धान खरीदी, गोबर खरीदी, पैरादान, रीपा, गोबर पेंट, मिलेट्स फसल, राजीव युवा मितान क्लब, छात्रावास में किचन गार्डन, वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गाँधी भूमिहीन किसान योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एसपी कुकरेजा ने कहा कि नवनिर्मित जिले में पहली बार गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह आयोजन बहुत अच्छे तरीके से संपन्न हो, जिससे उपस्थित जिले के जनसामान्य को भी गर्व महसूस हो। एसपी कुकरेजा ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के संबंध में जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों को मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट लगाने एवं अपने आसपास के लोगों को भी हेलमेट लगाने के लिए प्रोत्साहित कर यातायात जागरूकता के इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल और डॉ स्निग्धा तिवारी, एसडीएम के.एल.सोरी और मोनिका वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं एसपी ने आगामी गणतंत्र तैयारियों के संबंध में खेलभांठा मैदान का किया निरीक्षण- कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी एवं एसपी राजेश कुकरेजा ने आज आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में सारंगढ़ स्थित खेलभांठा मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गाडिय़ों की पार्किंग, बैठक व्यवस्था, मंच संचालन, मार्च पास्ट, झंडोतोलन, बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, एसडीएम मोनिका वर्मा, समस्त तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कड़ाके की ठंड का कहर जारी, बदली गई स्कूलों की टाइमिंग, कई जिलों में शीतलहर जारी, मौसम विभाग ने दी नई चेतावनी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में आ रही ठंडी व शुष्क हवाओं के चलते अब मौसम का मिजाज बदल गया है और पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड पडऩे लगी है। बहुत से क्षेत्रों में घना कोहरा छाने के साथ ही न्यूनतम तापमान में जबरदस्त गिरावट है। मौसम विभाग का कहना है कि अब न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट के आसार नहीं है। कोरिया, सरगुजा, पेंड्रा रोड,सूरजपुर, कवर्धा सहित आठ जिलों में शीतलहर चल सकती है।

ठंडी हवाओं के चलते सोमवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में ठिठुरन बनी रही। अब सुबह-सुबह व रात के साथ ही दोपहर के वक्त भी लोगों को गर्म कपड़ों में देखा जा सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि अभी कुछ दिन प्रदेश में मौसम का रुख ऐसा ही रहेगा। सोमवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। इसके साथ ही दुर्ग में न्यूनतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। दुर्ग का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में उत्तर से ठंडी व शुष्क हवाएं आ रही है,इन हवाओं की गति अभी कम है। इसके चलते ठंडकता में थोड़ी बदलाव आ सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में सुबह कोहरा भी छाया रह सकता है।

कड़ाके की ठंड के चलते प्रशासन ने स्कूल टाइमिंग में बदलाव किया है। रायपुर के स्कूलों के भी समय में बदलाव हुआ है। अब सुबह 7 बजे के बजाए 8 बजे तक बच्चे स्कूल पहुंचेंगे। वहीं दूसरी पाली के स्कूल दोपहर 12.30 बजे से शुरू होंगे । सर्दी की वजह से आम जनता का बुरा हाल है। कोरिया, अंबिकापुर,बिलासपुर, चिरमिरी, मैनपाट, पेंड्रा से लेकर रायपुर, बलौदाबाजार, दुर्ग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

पार्षद ने तेंदुएं को पकड़ने के लिए एसडीएम को लिखा पत्र

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। लौह नगरी दल्ली राजहरा नगरी क्षेत्र एवं आउटर का एरिया जंगलों से घिरा हुआ है। जहां आए दिन जंगली जानवर देखे गए हैं। प्राय: तेंदुआ और भालू जैसे जंगली जानवर का शिकार की तलाश में आउटर क्षेत्र में आते ही रहते हैं। ठंड के दिनों में इनका आक्रमकता और बढ़ जाती है। कई बार तेंदुआ शहर के आउटडोर क्षेत्र में आप कर गाय भेड़ बकरी कुत्ता हाथी का शिकार कर लेते हैं। अभी पिछले चार दिनों से वार्ड नंबर 12 में तेंदुआ को देखा गया है जिससे उस क्षेत्र के निवासियों में भय का वातावरण बना हुआ है। तेंदुआ ने वार्ड नंबर 12 के पार्षद यंगेश देवांगन की बाड़ी में लगभग 15 देसी मुर्गियों को अपना शिकार बना चुका है। उन्होंने कहा कि मुर्गियों को तेंदुआ के द्वारा शिकार बनाए जाने से के बाद तेंदुआ शिकार के लिए कहीं शहरी क्षेत्र में ना आ जाए। इसलिए वार्ड पार्षद और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मेरा वन विभाग से अपील है कि तेंदुआ को जल्द से जल्द पकड़ा जाए ताकि कोई जनहानि ना हो और वन्य प्राणी तेंदुआ को भी किसी के द्वारा कोई नुकसान ना पहुंचे। तेंदुआ की स्पष्ट तस्वीर उनके घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे से नजर आ रही है। उन्होंने अनुविभागीय दंडाधिकारी को पत्र लिखा है तथा पत्र की कॉपी उन्होंने वन विभाग को भी दी है।

ट्रैक्टर पर बैठकर जा रहे थे स्कूल, अनियंत्रित होने से बच्चे की मौत, छात्रा गंभीर

जांजगीर (आरएनएस)। मंगलवार को हुए एक हादसे में 1 बच्चे की मौत हो गयी, वहीं एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है। हादसा उस वक्त हुआ, जब ट्रैक्टर के इंजन पर बैठक दो बच्चे जा रहे थे। इस दौरान गड्ढे में ट्रैक्टर थोड़ा अनियंत्रित हो गया, जिसके बाद इंजन पर बैठे दो बच्चे नीचे गिर गये।

इनमें से 7 साल का एक बच्चा ट्रैक्टर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गयी, वहीं एक बच्ची भी नीचे गिरी, जो गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतक बच्चा दूसरी कक्षा में पढ़ता है, जबकि बच्ची का अभी दाखिला हुआ था।

घटना जांजगीर थाना क्षेत्र के खोखरा छोटी नहर सायफन के पास की बतायी जा रही है। रोजगार गारंटी में काम करने दोनों के माता पिता गये थे। इसी दौरान दोनों बच्चे अपने मम्मी-पापा को स्कूल नही जाने की बात बताने जा रहे थे। इस दौरान वो एक ट्रैक्टर पर बैठ गये।

ट्रैक्टर चालक ने बहुत ही लापरवाही से दोनों बच्चों को इंजन पर बैठाकर तेजी से ट्रैक्टर चलाया, झटके की वजह से दोनों बच्चे नीचे गयि। मृतक बच्चे का नाम जय बरेठ है, वहीं दूसरी बच्ची का नाम निधि बरेठ है।

घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है। सिटी कोतवाली पुलिस जांच में जुट गयी है। निधि को उपचार के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 फरवरी को

रायगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 11 फरवरी 2023 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।

विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण संबंधी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।

यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत 11 फरवरी 2023 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकद्मा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-299190 एवं ईमेल dlsa.raigarh@gmail.com में सम्पर्क किया जा सकता है।

शादी में बिन बुलाए घुसी दो युवती, लाखों के गहने भरा बैग लेकर चलती बनीं, सीसीटीवी फुटेज में एक युवक भी दिखा

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सिरगिट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत झूलेलाल मंगलम शादी भवन से लाखों के गहने पार हो गए हैं। आरोपी दो युवतियां मेहमान के रूप में रिसेप्शन पार्टी में पहुंची, लोगों को लगा कि वो भी गेस्ट हैं इसलिए किसी ने उनकी हरकतों पर ध्यान नहीं दिया। दूसरी तरफ मौका देखकर एक युवती ने लाखों रुपए के गहनों से भरा बैग लिया और धीरे से निकल गई, इससे पहले कि किसी को भनक लगती दूसरी युवती भी जस्ट उसके पीछे बाहर निकल आई। बाहर इन दोनों का इंतजार एक युवक कर रहा था। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फिलहाल पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले में कश्यप कॉलोनी निवासी आकाश मलानी जो कि प्लास्टिक के घरेलू सामान के बड़े व्यवसायी हैं, के छोटे भाई आशीष मलानी की शादी के बाद तिफरा स्थित झूलेलाल मंगलम शादी भवन में रिसेप्शन पार्टी चल

रही थी। यहां स्टेज के पास कुर्सी पर गहनों और रूपयों से भरा बैग रखा हुआ था जिसे एक युवती बड़े ही शातिर तरीके से चुराकर फरार हो गई। यह घटना रात 12 से पौने 1 बजे के बीच की है। बैग में सोने की 4 अंगूठी, एक सोने की चेन, 3 चांदी के सिक्के समेत 2 लाख रुपए थे। सिरगिट्टी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवती की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि पार्टी में दूल्हा दुल्हन को सभी मेहमान बधाई दे रहे थे। तभी बढिय़ा कपड़े में दो युवतियां आती हैं और कुछ देर तक हॉल में इधर-उधर टहलती रहती हैं। इसी बीच मौका देखकर एक युवती स्टेज पर चढक़र बैग को लेकर फरार हो जाती है। फु टेज शादी भवन से निकलने के दौरान दो युवती के साथ एक युवक भी दिख रहा है, जो दोनों का साथी लग रहा है।

पहाड़ी कोरवाओं ने शराब छोड़ने का लिया संकल्प, 12 परिवार ने छोड़ा शराब पीना

कोरबा (आरएनएस)। नशे के खिलाफ चल रहे निजात अभियान से जागरूक होकर संरक्षित जनजाति के पहाड़ी कोरवा परिवार अब नशामुक्त होने लगे हैं। बाघमारा गांव में 12 परिवार ने नशे को ना कहते हुए नशा छोड़ दिया।

बालकोनगर थाना के वनांचल क्षेत्र अजगरबहार के समीप पहाड़ी कोरवाओं के गांव बाघमारा में डेढ़ माह पहले पुलिस ने निजात कार्यक्रम का आयोजन किया था। जहां एसपी संतोष कुमार सिंह ने नशे की लत से खुद को और परिवार को होने वाले नुकसान की जानकारी दी थी। साथ ही पहाड़ी कोरवाओं से बच्चों

के बेहतर भविष्य के लिए नशे को छोडऩे जागरूक किया था।

कार्यक्रम के दौरान ही पहाड़ी कोरवाओं ने नशा छोडऩे संकल्प लिया था। जिसके बाद कई परिवार जागरूक हुए। उन्होंने नशा करना छोड़ दिया। कई घरों में महुआ शराब व माड़ी बनता था जिसे बनाना बंद कर दिया गया। देखते.देखते गांव के 12 पहाड़ी कोरवा परिवार के सदस्य नशामुक्त हो गए। बालकोनगर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर को इसकी जानकारी हुई तो पहाड़ी कोरवाओं में नशे को ना कहने वाले परिवार की जानकारी जुटाई। पुष्टि होने पर मंगलवार को ऐसे लोगों को बालकोनगर थाना बुलाया गया। जहां उनसे एसपी सिंह ने शॉल भेंट करके उनका स्वागत किया। साथ ही उनसे चर्चा करके भविष्य में नशा से दूर रहने और गांव के दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने को कहा गया। इस दौरान सीएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी और बालको प्रभारी मनीष नागर उपस्थित थे।

सलोरा-महेशपुर में ग्रामीणों ने खुद ही नशा.बंदी लागू की निजात अभियान के तहत कटघोरा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के असर से वहां पिछले महिने सलोरा व महेशपुर गांव में ग्रामीणों ने खुद ही नशा-बंदी लागू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर के सहयोग से ग्रामीण एकजूट होकर नशा-बंदी का कड़ाई से पालन करा रहे हैं। उक्त गांव की बदलती स्थिति देखकर दूसरे गांव के लोग भी नशामुक्ति के लिए प्रयासरत है।

बालकोनगर थाना में एसपी सिंह से चर्चा के दौरान पहाड़ी कोरवाओं ने बताया कि उनके पास काम नहीं है इस कारण दिनभर खाली रहते हुए वे नशे करते थे। परिवार के लिए उनके पास पैसा नहीं है। उनकी बात सुनकर एसपी सिंह ने बालको थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर को नशा छोड़ चुके ग्रामीणों के पुनर्वास के लिए उन्हें काम दिलाने का निर्देश दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं सम्मान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU